योग्य मतदाताओं को एसआइआर प्रक्रिया से जोड़ने पर जोर

■ बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण, संग्रहण व डिजिटलाइजेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी

हिण्डौन सिटी, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के कैमरी परिक्षेत्र में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण, संग्रहण और डिजिटलाइजेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक बीएलओ के साथ एक सहायक और कांग्रस पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ पर एक बीएलए भी नियुक्त किया गया है, ताकि गणना कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके।

इसके तहत कैमरी के बूथ संख्या 246 पर बीएलओ श्रीराम बैरवा के साथ सहयोगी बीएलए भूपेन्द्र खटाना अधैत, सहायिका आंगनबाडी कार्यकर्ता मंतरा योगी को नियुक्त किया गया है जो अपने बूथ के सभी मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म प्रकिया में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं। इसी प्रकार बूथ संख्या 245 पर बीएलओ रामसुने गुर्जर, सहायक प्रदीप कुमार शर्मा और प्रियंका शर्मा, और बीएलए अर्जुन खटाना को नियुक्त किया है।

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के कैमरी परिक्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तेज गति से जारी है । अभियान के कैमरी बूथ के सुपरवाईजर व्याख्याता नवल किशोर मीना ने कहा कि प्रत्येक योग्य मतदाता का परिगणना प्रपत्र भरना हमारा दायित्व है और कोई भी मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बीएलए भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जा सकता है।

ऑफलाइन प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र उपलब्ध कराएगा, जिन्हें भरकर वापस बीएलओ को जमा करवाना होगा। वहीं ऑनलाइन प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भरे जा सकते हैं। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया की पारदर्शिता व सुविधा को रेखांकित करते हुए लोगों को अपने तथा परिजनों के प्रपत्र समय पर भरने के लिए प्रेरित किया।

बीएलओ श्रीराम बैरवा, रामसुने गुर्जर ने बताया कि कई मतदाता गणना प्रपत्र के साथ आवश्यक फोटो उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे ऑनलाइन प्रविष्टि में देरी हो रही है। इस संबंध में सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपना गणना प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर और फोटो चिपका कर तुरंत बीएलओ या उनके सहायक को उपलब्ध कराएं।

एसआईआर अभियान में टीम ने लोगों को मतदाता शपथ दिलाई और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को फॉलो, लाइक, रीपोस्ट एवं शेयर करने के लिए भी कहा, ताकि जागरूकता संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचे। टीम ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम मतदाता सूची शुद्धीकरण अभियान को गति देंगे। कार्यक्रम में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के सुपरवाईजर नवलकिशोर मीना, बीएलओ श्रीराम, बीएलओ रामसुने गुर्जर, बीएलए भूपेन्द्र खटाना अधैत, प्रदीपकुमार शर्मा, सहायक मंतरा योगी, प्रियंका शर्मा, नादौती खंडकार्यवाह तुलसीराम गुर्जर ने एसआईआर प्रकिया में फॉर्म वितरण में सहयोग किया।

सार-समाचार

पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। राजस्थान निर्वाचन आयोग की संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रौनक बैरागी ने जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। करोली कलेक्ट्रेट सभागार हॉल में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें उन्होंने जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के साथ एसआईआर कार्यक्रम की प्रगति की ब्लॉक वाइस समीक्षा की तथा अभियान में प्रगति लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए है एक भी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए।इसके बाद उन्होंने एडीएम हेमराज परिडीवाल,एसडीएम प्रेमराज मीना व तहसीलदार बलवीर राणा के साथ नगर परिषद् करौली में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटिलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। तत्पश्चात करौली शहर की भाग संख्या 125 में बीएलओ सुरेन्द्र कुमार शर्मा व सुपरवाइजर गिर्राज प्रसाद मीना से पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली तथा महिला मतदाताओं से फीडबैक लिया। इसके बाद भाग संख्या 123 में पुलिस चौकी के पास पहुंच कर बीएलओ श्रीराम मीना व वॉलेंटियर्स से पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली तथा मतदाताओं के परिगणना प्रपत्रों का अवलोकन किया।उन्होंने मतदाताओं से अनुरोध किया कि बीएलओ को परिगणना प्रपत्रों से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण हो सके और बाद में मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कागजी कार्यवाही की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़े।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अनुभाग प्रभारी विश्वास शर्मा, राजेन्द्र दीवान व नंदकिशोर व्यास उपस्थित रहे।

चिकित्सा शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। लायंस क्लब गरिमा और श्रीकृष्णा हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ इस्कॉन मंदिर के परम पूज्य दयालु गौर प्रभुजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह शिविर पिछले चार वर्षों से हर सप्ताह दूध डेयरी के पास श्रीकृष्णा हॉस्पिटल में आयोजित किया जा रहा है। प्रभुजी ने शिविर में उपस्थित रोगियों और अन्य लोगों को हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन के माध्यम से श्वर के महत्व और जीवन में सकारात्मकता का संदेश दिया। उन्होंने नेत्र रोगियों को गर्म कंबल, फल, खिचड़ी और बिस्कुट प्रसाद के रूप में वितरित किए। इस अवसर पर कमलेश गुप्ता और उनकी टीम को मालाशाल तथा श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। कुशालगढ़ मीडिया ग्रुप सहित अन्य मीडियाकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। डॉ. हेमेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि अस्पताल के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर के माध्यम से अब तक 20 हजार से अधिक लोगों की निशुल्क जांच और परामर्श दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, 6500 से अधिक नेत्र प्रत्यारोपण (ऑपरेशन) सफलतापूर्वक किए गए हैं। लोगों ने मानव सेवा के इस कार्य की सराहना करते हुए श्रीकृष्णा हॉस्पिटल और लायंस क्लब गरिमा की टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान इस्कॉन मंदिर के संत, लायंस क्लब गरिमा के सचिव वीरेंद्र आर्य, वासुदेव गुप्ता, क्लब संयोजक मुकेश, राजाराम मीना, हॉस्पिटल स्टाफ और बड़ी संख्या में रोगी मौजूद रहे।

लग्न कार्यक्रम का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। करौली के चैनपुर स्थित ब्रह्मऋषि आश्रम में भगवान श्रीहरिविष्णु और महालक्ष्मी का कल्पवृक्ष युगल विवाह समारोह जारी है। इस उत्सव के तहत रविवार को वधूपक्ष की ओर से लग्न बारात निकाली गई।लग्न यात्रा महामंडलेश्वर संत भगवान दास के सानिध्य में शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु और भजन मंडलियां शामिल हुईं। भजनों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी।श्रीजी मैरिज गार्डन पहुंचने पर वर पक्ष के संत गोमती दास और भक्त मंडल ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। इसके बाद पंडित महेश व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह की सभी रस्में विधिवत संपन्न कराईं।आयोजकों ने बताया कि मुख्य विवाह समारोह 25 नवंबर को होगा। इस दिन गौमती आश्रम से भगवान हरिविष्णु की बारात ब्रह्मऋषि आश्रम चैनपुर पहुंचेगी।

कारण बताओ नोटिस जारी

करौली, (निसं)। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी प्रेमराज मीना ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी को प्रतिदिन 250-250 गणना प्रपत्र भरवाकर ऑनलाईन कराने के बार-बार निर्देशित करने के बावजूद भी बूथ लेवल अधिकारी नन्दराम चतुर्वेदी भाग सं0 87, महादेवा गुप्ता भाग सं0 88, छुट्टन लाल मीना भाग सं0 86, श्रीराम मीना भाग सं0 123 द्वारा दिये गये लक्ष्यानुसार गणना प्रपत्र जमा नहीं कराने व इसके साथ-साथ बूथ लेवल अधिकारियों के सहयोग हेतु नियुक्त किये गये।उन्होने बताया कि स्वयंसेवक (वॉलिन्टियर्स) जो बार-बार निर्देशित करने के बावजूद भी बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग नहीं कर रहे हैं जिनमें सन्तोष गुप्ता आंगनवाडी कार्यकर्ता, बीर बहादुर सिंह ठाम रोजगार सहायक, दीपिका शर्मा आशा सहयोगिनी, अनीता मीना आंगनबाडी कार्यकर्ता, सिद्धार्थ कौशिक प्रयोगशाला सहायक, भूपेन्द्र सिंह पंवार अध्यापक, ममता माली आंगनबाडी कार्यकर्ता के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा नियम एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत् कार्यवाही करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

चाय की दुकान में चोरी

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना में रीको औद्योगिक क्षेत्र के सामने स्थित एक चाय की दुकान पर शनिवार देर रात चोरी हो गई। यह एक सप्ताह के भीतर इसी दुकान में चोरी की दूसरी घटना है। दुकानदार हरदयाल धाकड़ के अनुसार, चोर दुकान का किवाड़ हटाकर अंदर घुसे। वे नमकीन, गुटखा पाउच, बिस्किट के पैकेट और गल्ले में रखी रेजगारी चुरा ले गए। यह वारदात स्टेट हाईवे पर हुई, जो चौबीसों घंटे व्यस्त रहता है।

सार-समाचार

सेवर सेंट्रल जेल में श्रीमद भागवत गीता का वितरण किया

भरतपुर, (निसं)। सेवर सेंट्रल जेल में इस्कॉन मंदिर वृंदावन की ओर से श्रीमद्भागवत गीता वितरण एवं सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जेल में बंद कैदियों के हृदय परिवर्तन और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस दौरान करीब 500 कैदियों को श्रीमद भागवत गीता की प्रतियां वितरित की गईं, ताकि वे अपराध की राह छोड़कर सच्चाई के मार्ग पर चल सकें। सत्संग के दौरान कैदी भगवान के भजनों मैं लीन होकर थिरकते नजर आए। विजयदास महाराजा ने बताया कि सेवर सेंट्रल जेल में इस्कॉन मंदिर वृंदावन की ओर से 500 कैदियों को श्रीमद भागवत गीता वितरण की। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में बंद कैदियों के हृदय परिवर्तन और कल्याण के लिए है.बंद कैदी अब भगवत गीता पढ़कर हृदय परिवर्तन कर सके। वे गुनाहों का रास्ता छोड़कर सच्चाई के मार्ग पर चल सके। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा का जाप कराया। जेल अधीक्षक परमजीत सिंह संधू ने बताया कि जेल में विभिन्न संस्थाएं कार्यक्रम का आयोजन करती है इसी संदर्भ में इस्कॉन मंदिर वृंदावन ने आयोजन किया विजय राज दास महाराज ने और अन्य संतों ने श्रीमद् भागवत गीता का पाठ कराया इसके अलावा श्रीमद् भागवत गीता के वितरण के साथ साथ धार्मिक माला एवं प्रसाद का वितरण किया। भजन कीर्तन के दौरान सभी कैदियों में उल्लास नजर आया और यह एक अच्छा कार्यक्रम है क्योंकि इससे जो कैदी हैं उन्हें सकारात्मक मैसेज मिलता है सात्विक प्रवृत्ति से जुड़ने की और कम है साथ में जो अपराध किया है उसे छोड़कर एक अच्छे मार्ग पर चलने का संदेश मिलता है। पढ़कर हृदय परिवर्तन कर सके। वे गुनाहों का रास्ता छोड़कर सच्चाई के मार्ग पर चल सके। इस्कॉन मंदिर वृंदावन से जुड़े संतो ने सत्संग किया। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा का जाप कर भजनों पर कैदी झूमते नजर आए।

गोला थ्रो में सौम्या भारद्वाज प्रथम

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में भारत सरकार द्वारा महिलाओं के विकास और खेलकूद की भावना को प्रोत्साहन करने के लिए भरतपुर के महारानी श्री जया खेल मैदान पर अस्मिता खेल प्रतियोगिता आयोजित किए गए जिसमें भरतपुर के जिला एथलीट संघ के सचिव सिर मोहर सिंह गुर्जर ने बताया इस लीग में 105 करीब खिलाड़ियों से भाग लिया जिसमें कि अंडर 14 वर्ष ट्रायथलॉन ए ग्रुप मे सोनी टॉवर स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा ख्याति प्रथम,सौम्या भारद्वाज द्वितीय, वंदना विराना तृतीय स्थान में रही ट्रायथलॉन बी ठ्रुप रेखा कुमारी प्रथम ,सोनम द्वितीय, परी तृतीय स्थान पर सी छाया चौधरी प्रथम, परी द्वितीय स्थान पर रही। अंडर 16 वर्ष में 60 मीटर में पूर्व कुमारी प्रथम,बिट्टू कुमारी द्वितीय ख्याति तृतीय स्थान पर रही 600 मीटर में पूर्व कुमारी प्रथम संगीता फौजदार द्वितीय स्थान पर रही।गोला थ्रो में सौम्या भारद्वाज प्रथम प्रिंसी कुमारी द्वितीय, ख्याति तृतीय स्थान पर रही,डिसकस थ्रो साक्षी प्रथम अनामिका द्वितीय ख्याति तृतीय जैवलीन थ्रो में पूनम कुमारी प्रथम निहारिका पोसवाल द्वितीय लंबी कूद में निहारिका पोसवाल प्रथम अनामिका द्वितीय स्थान पर रही। जिला एथलेटिक्स संघ ऑर्गेनाइजेशन सचिव सिरमौहर गुर्जर ने बताया कि संघ के द्वारा इस लीग के नियमों में से खिलाड़ियों को अवगत कराया की लीग के नियमों के तहत आयोजन किया गया है निर्णायक की भूमिका तौफीक कोच वी यादराम पीटीआई साहब द्वारा इस लीग की भूमिका निभाई गई है इस लीग के मुख्य अतिथि भरतपुर जिले के पूर्व हॉकी खिलाड़ी जितेंद्र शर्मा व दीपक शर्मा गोविंद चौधरी उदय सिंह पार्षद ,जितेंद्र भारद्वाज स्कूल प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में परिजन उसे गंगापुर सिटी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने महिला के द्वारा फंदा लगाकर सुसाइड करना बताया है। महिला की तीन साल पहले ही शादी हुई थी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौत कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाकर पोस्टमॉर्टम के आदेश दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह राठौड़ ने बताया कि मनीषा बैरवा निवासी कुंडगांव की शादी वर्ष 2022 में शादी हुई थी। उसका पति दिल्ली में मजदूरी करने के साथ-साथ पढ़ाई भी करता है। नौ महीने का एक बेटा है। घटना की जानकारी मिलने पर पीहर पक्ष भी जिला अस्पताल पहुंचा और मामले की जानकारी ली। मृतका के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। विवाह को अभी तीन वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं, इसलिए मामले की जांच उपखंड मजिस्ट्रेट (एसडीएम) द्वारा की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एसडीएम जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

महिला से लूट का प्रयास, फायरिंग कर बदमाश फरार

नदबई, (निसं)। नदबई क्षेत्र के गांव करीली में रविवार शाम अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने पहले, सडक पर जा रही महिला से लूटपाट करने का प्रयास किया तो बाद में शोर मचाने पर हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। फायरिंग करने से सडक किनारे खड़ा एक 14 बर्षीय किशोर घायल हो गया। ग्रामीणों ने किशोर को चिकित्सालय में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस सीओ अमर सिंह राठौड़ ने मौके पर पहुंच मामलें की जांच पडताल की। हालांकि, पुलिस को अज्ञात बदमाशों का सुराग तक नही लग सका। विभागीय सूत्रों की मानें तो गांव करीली निवासी एक महिला गोबर डालने अपने नोहरे पर जा रही। इसी दौरान मुख्य सडक पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की मोहर लूटने का प्रयास किया। लूट का प्रयास देख, महिला ने शोर मचाना शुरु कर दिया। महिला के शोर मचाने पर सडक किनारे खडे ठामीणों ने बाइक सवार बदमाशों को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, बाइक सवार दो बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। अचानक फायरिंग होने से करीली निवासी लवकुश गुर्जर पुत्र प्रताप गुर्जर, पैर में छर्रा लगने से घायल हो गया। ठामीणों ने घायल लवकुश गुर्जर को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उचित उपचार के बाद घायल को छुट्टी दी गई।

नगदी सहित आभूषण चोरी

नदबई, (निसं)। देर रात, गांव उटारदा में एक मकान का ताला तोड़, अज्ञात बदमाश करीब 85 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए अज्ञात बदमाशों को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सुराग तक नही लग सका।पुलिस सूत्रों के अनुसार उटारदा निवासी लोकेश गुप्ता पुत्र खैमचंद गुप्ता, शनिवार देर शाम अपने पडोसी की पुत्री की शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने परिजनों के साथ नदबई आया। इसी दौरान अज्ञात बदमाश, कमरें का ताला तोड़ते हुए अलमारी से करीब 85 हजार की नगदी सहित सोने की झुमकी, सोने की चेन, सोने की अंगूठी व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। कमरें का ताला टूटा देख, पीडित ने पुलिस को सूचना दी। बाद में उटारदा निवासी पीडित लोकेश गुप्ता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपियों को पकडने का प्रयास तो किया। लेकिन, एक बार फिर पुलिस को अज्ञात बदमाशों का सुराग नही लग सका।

छत से गिरने पर बालक घायल

नदबई, (निसं)। नदबई कस्बे में रविवार दोपहर छत पर खेलने दौरान असंतुलित होकर नीचे गिरने से पांच बर्षीय बालक घायल हो गया। परिजनों ने घायल बालक को चिकत्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते बालक को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पांच बर्षीय बालक अरुण कुमार पुत्र गंभीर सिंह, अपनी बहन के साथ छत पर खेल रहा। इसी दौरान अचानक अंसतुलित होकर नीचे गिरने से घायल हो गया। परिजनों ने घायल बालक को नदबई जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति होने पर घायल बालक को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया गया।

बच्चों ने गटकी पोलियो की दवा

गंगापुर सिटी, (निसं)। पल्स पोलियो दिवस 2025 का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की ओर से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिला ग । अभियान का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को पोलियो जैसी घातक बीमारी से पूर्ण रूप से सुरक्षित करना है। अभियान के तहत शहरभर में विशेष पोलियो टीकाकरण बूथ स्थापित किए गए।

लायंस क्लब दिशा द्वारा 50 दिन का मोर्निंग वॉक चैलेंज शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)। शहरवासियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से लायंस क्लब दिशा, गंगापुर सिटी द्वारा 50 दिनों का मोर्निंग वॉक चैलेंज कार्यक्रम आज से हायर सेकेंडरी खेल मैदान से शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक ही समय पर एक समान ड्रेस में एकत्रित होकर उत्साह के साथ मोर्निंग वॉक किया, जो इस आयोजन का आकर्षण केंद्र रहा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रीजन चेयरपर्सन लायन विवेक मीना तथा प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट एवं कार्यक्रम स्पॉन्सर डॉ. डी. सी. शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मंच संचालन लायन सोमदत्त शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले 50 दिनों तक वे नियमित रूप से सुबह की सैर करेंगे और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देंगे। अतिथियों द्वारा कहा गया कि लायंस क्लब दिशा द्वारा प्रतिवर्ष किया जाने वाला यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है उन्होंने इस पहल को स्वस्थ समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। क्लब अध्यक्ष लायन राजेन्द्र गौत्तम ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में बदलती जीवनशैली, तनाव और व्यस्त दिनचर्या के कारण लोग शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में मोर्निंग वॉक न केवल शरीर को सक्रिय बनाता है बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

उन्होंने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। नियमित सुबह की सैर व्यक्ति के जीवन में अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा लाती है। कार्यक्रम संयोजक लायन आनंद पैंगोरिया और लायन अनिल गुप्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह चुनौती 50 दिन तक लगातार चलेगी और इसका समापन 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में किया जाएगा। प्रतिभागी प्रतिदिन अपने मोर्निंग वॉक से संबंधित डेटा समिति को साझा करेंगे। जो प्रतिभागी पूरे 50 दिन नियमित रूप से शामिल होंगे, उन्हें समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

क्लब कोषाध्यक्ष लायन सौरभ जैन ने बताया कि कार्यक्रम में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया है, जिनमें बच्चे, युवा और वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों को विशेष आउटफिट प्रदान किए गए हैं, जिससे आयोजन में एकरूपता और अनुशासन देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में क्लब से सोमदत्त शर्मा, कपिल गौत्तम, दिवाकर शर्मा, मनीष जैन, आलोक मालधनी, शालू जैन, मयंक जैमिनी, अनुराग शर्मा, रविन्द्र शर्मा आदि सदस्यों सहित मोर्निंग वॉक करने वाले अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

दो आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के नाम पर सिलिकोसिस बीमारी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से क्लेम लेने वाले गिरोह का भरतपुर में भंडाफोड़ हुआ है।

रुदावल थाना पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान आकाश पुत्र हरभान सिंह निवासी निगोही थाना खोह जिला डीग, हाल निवासी आनंद नगर थाना सेवर एवं कुंवर सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी बंशीपहाड़पुर थाना रुदावल के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जयपुर ने पुलिस को इस तरह की फ़र्जकारी की जानकारी दी थी जिसमे बताया गया था कि जांच के दौरान मृतक विजेंद्र निवासी पहाड़पुर, रूपवास के परिजनों ने योजना का लाभ लेने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार करवाए और सिलिकोसिस बीमारी बताकर अनुचित तरीके से क्लेम प्राप्त किया। जांच के दौरान पता चला कि सिलिकोसिस बीमारी के फर्जी मेडिकल कागजात तैयार कर धोखाधड़ी से क्लेम उठाया गया था।

एनसीसी दिवस पर देशभक्ति व अनुशासन का दिया संदेश

गंगापुर सिटी, (निसं)। एनसीसी दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय कॉलेज में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 14 राज बटालियन एनसीसी कोटा के निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों में स्वच्छ भारत अभियान रैली, श्रमदान और संगोष्ठी शामिल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बनवारी लाल मैनावत ने की।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विजेंद्र कुमार मीना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पूरे परिसर की सफा और कचरा संग्रहण का कार्य किया गया। इसके बाद कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर सैनिक नगर और उदे मोड़ तक जाकर वापस महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान कैडेट्स ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। रैली के उपरांत सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सहायक आचार्य धर्मराज मीणा ने कैडेट्स को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

अंडर ऑफिसर अंकुश पीछानोत ने एनसीसी दिवस के महत्व और एनसीसी द्वारा युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में निभा जाने वाली भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। लेफ्टिनेंट मीना ने बताया कि एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जिसका स्थापना दिवस नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है।

उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। प्राचार्य डॉ. मैनावत ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता विकसित करती है, जो उनके भविष्य को मजबूती देती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

अभियान शुरू

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। उपखण्ड भुसावर सहित खंड परिक्षेत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो के तीन दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अन्तर्गत क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। प्रथम दिन पोलियो बूथ लगाकर 0 से 5 बर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलायी। उन्होने बताया कि अभियान के तहत क्षेत्र में कुल 39099 बच्चों का लक्ष्य है। जिसके लिए 18 जोनल ऑफिसर, 41 सुपरवाईजर एवं 550 वैक्सीनेटर नियुक्त करते हुए 277 बूथ बनाये गये। पोलियो बूथ पर दवाई पीने से छूटे बच्चों को अब दो दिन घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी।

राजीव का स्वागत

भरतपुर (निस)। राजीव कुमार सिंह के जिला डीग के प्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के बाद भरतपुर पहुंचने पर कांग्रेस के नेताओं एवंआम लोगों गणमान्य नागरिकों ने राजीव सिंह का माला व साफा पहनाकर शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया एवं,पटाखे चलाकर खुशी व्यक्त की गई। डीग के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह का ढोल नगाड़े से भी स्वागत कर कार्यकर्ताओं ने खुशी में डांस किए। इस अवसर पर डॉ उदय भान सिंह, कांग्रेस नेता प्रेम सिंह प्रजापत, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, चंद्रकांत शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, कर्मवीर पैंघोर, यदुवीर आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

गंगापुर सिटी, (निसं)। मिर्जापुर स्थित महावीर नगर में गणेश्वर महादेव शिवालय में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यह यात्रा पंडित अशोका चार्य के सान्निध्य में निकाली गई।

कलश यात्रा सुबह गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर जयपुर रोड और दगाह मोड़ होते हुए महावीर नगर स्थित शिवालय पहुंची। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूर्व सरपंच दयाराम सैनी ने प्रधान कलश धारण किया। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई इस यात्रा के बाद धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों की स्थापना की गई। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, डॉ. भरत गोयल, बांवरी मित्तल, गोविंद गुप्ता, पवन मंगल, महेश अग्रवाल, बंटी बंसल, मोहन टोडवाल, श्याम रावत, अशोक गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, कैलाश खंडेलवाल, मनोज खंडेलवाल और पंकज सहित क गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 25 नवंबर को शिव बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। इसके बाद 26 नवंबर को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक उत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल है।

भरतपुर को मिली खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की सौगात

भरतपुर, (निसं) भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र के खिलाड़ियों के सर्वोच्च टूर्नामेंट खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन इस बार राजस्थान में होने जा रहा है।

24 नवंबर से 5 दिसंबर तक प्रस्तावित इस भव्य खेल महाकुंभ में पहली बार राजस्थान मेजबानी की ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने गृह जिले भरतपुर को खास सौगात देते हुए कुश्ती और बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में करवाने की घोषणा की है। इससे भरतपुर के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। खेल जगत के लिए यह निर्णय किसी उपहार से कम नहीं। इससे जह